फूलों की खेती ने बदली यशोदा महतो की किस्मत, हर महीने 12 हजार रूपये आमदनी

किसान का नाम	– यशोदा महतो
पति	– त्रिलोचन महतो
ग्राम	– शुक्ला
पंचायत	– शुक्ला
प्रखण्ड	– बोड़ाम
जिला	– पूर्वी सिंहभूम

बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत अन्तर्गत ग्राम शुक्ला निवासी यशोदा महतो सब्जी के साथ–साथ गेंदा फूल की खेती कर अच्छी आमदनी कर रही है पहली बार व्यवसायिक रूप से 0.7 एकड़ में गेंदा फुल की खेती शूरू की थी। अब इससे हर महीने करीब 12 हजार रूपये मुनाफा हो रहा है। पंरपरागत अनाज और सब्जियों की खेती से हटकर फूलों की खेती कर महिला किसान यशोदा महतो की पहचान आज एक प्रगतिशील महिला किसान के रूप में हो रही है।

आत्मा के सहयोग से उद्यान विभाग की योजना की मिली जानकारी मिला तकनीकी प्रशिक्षण

यशोदा महतो बताती है कि बोड़ाम प्रखंड के उद्यान मित्र से सबसे पहले उद्यान विकास के योजना के बारे में जानकारी मिली। खेती किसानी में मेरी रूचि को देखते हुए उन्होंने फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया इसमें कितना मुनाफा हो सकता है। तथा बाजार में फूलों की क्या मांग है इस पर जानकारी दी तो फूलों की खेती करना ही सही विकल्प लगा। उद्यान विभाग से ही 0.7 एकड़ में खेती के लिए पौधा उपलब्ध कराया गया साथ ही प्रशिक्षण भी मिला। आगे इसे और विस्तार देने की योजना पर भी काम कर रही हूँ।

प्रति सप्ताह 150–200 किलो फूल का विक्रय

शादी–ब्याह या कोई भी खुशी का पर्व हो तथा अन्य आयोजनों में भी गेंदा फूल का डिमांड तो रहता ही है। यशोदा कहती है कि अभी तक ऐसा नहीं हुआ कि फूल घर में कभी सड़ा हो। फूल बेचने में कोई दिक्कत नहीं होती है सालों भर मांग बना रहता है। प्रति सप्ताह लगभग 150–200 किलो फूल खेत से निकलता है जिससे तीन हजार रू0 से ज्यादा की आमदनी हो जाती है। यशोदा कहती है कि गेंदा फूल की खेती से आर्थिक और सामाजिक परिस्थिति तो जरूर बदली है इससे काफी खुश भी हूँ। अन्य महिलाओं को भी फूलों की खेती के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती हूँ।